समाचार

# महापौर ने किया दर्री जमनीपाली सड़क मरम्मत कार्य का निरीक्षण



कोरबा 16 जुलाई 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी व एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, प्रदीप राय जायसवाल के साथ दर्री जमनीपाली मुख्य मार्ग के मरम्मत कार्य का सघन निरीक्षण किया तथा सड़क के मरम्मत व सुधार कार्य के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया।

यहां उल्लेखनीय है कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा एक सप्ताह पूर्व दिए गए निर्देश के तहत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दर्री जमनीपाली मुख्य मार्ग की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है, उक्त मार्ग पर बड़े–बडे गड्ढे हो जाने के कारण वाहनों के आवागमन में कठिनाईयां उपस्थित होने के साथ ही आमजन को अनावश्यक परेशानी हो रही थी। महापौर श्री प्रसाद ने एक सप्ताह पूर्व उक्त मुख्य मार्ग की मरम्मत का कार्य करने के निर्देश जोन के अभियंताओं को दिए थे। निगम द्वारा मरम्मत निर्माण सामग्री एकत्रित कर दर्री बराज से जैलगांव चौक तक के उक्त मुख्य मार्ग की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त मार्ग के मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य के टिकाऊपन व तकनीकी पहलुओं पर अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया।

दर्री राताखार एप्रोच मार्ग का किया निरीक्षण– राताखार से सीधे दर्री पहुंचने के लिए बाईपास सड़क का निर्माण कराया गया है, उक्त एप्रोच मार्ग में मिट्टी फिलिंग का कार्य पूर्व में किया गया है, सी.एस.ई.बी.चौक से ध्यानचंद चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण की वजह से उक्त एप्रोच मार्ग को जनसुविधा के मद्देनजर अस्थाई रूप से चालू किया गया था, बरसात के कारण उक्त एप्रोच रोड में गड्ढे हो जाने के कारण ग्रेडर से लेवलिंग का कार्य किया जा रहा है, वर्षा पश्चात इस सड़क का पूर्ण निर्माण कार्य कर लिया जाएगा। महापौर

श्री राजकिशोर प्रसाद ने मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर एवं प्रदीप राय जायसवाल के साथ उक्त स्थल का दौरा कर किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अभियंताओं को दिए।